राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

पी पी ई किट और एन–95 मास्क के लिए

राज्यपाल ने दस लाख रूपये दिये

जयपुर, 28 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पी पी ई किट और एन–95 मास्क की खरीद हेतु दस लाख रूपये की राशि स्वास्थ्य विभाग को दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को दूरभाष पर वार्ता कर बताया कि यह राशि राज्यपाल राहत कोष से प्रदान की जा रही है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि इस राशि से क्रय किये जाने वाले पी पी ई किट और एन–95 मास्क का उपयोग सवाई मानसिंह चिकित्सालय, आर.यू.एच. एस, चिकित्सालय और राज्य के अन्य चिकित्सालयों में आवश्यकता के अनुरूप किया जायें।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए राज्य में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रतिदिन लेते है। मंगलवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री रोहित कुमार सिंह से दूरभाष पर हुई वार्ता के बाद राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्यपाल राहत कोष से दस लाख रूपये की राशि आर एम एस सी लि. को भेजे जाने के निर्देश दिये।

–

कोरोना वॉरियर्स प्रोत्साहन स्कॉलरशिप योजना का पोस्टर राज्यपाल को भेंट

जयपुर, 28 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को कोरोना वॉरियर्स प्रोत्साहन स्कॉलरशिप योजना का पोस्टर मंगलवार को यहां राजभवन में भेंट किया गया । एपेक्स यूनिवर्सिटी द्वारा यह योजना उनके विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले कोरोना वॉरियर्स के बच्चों के लिए आरम्भ की है। राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल ने छात्रवृति योजना का यह पोस्टर राज्यपाल श्री मिश्र को भेंट किया। विश्वविद्यालय ने इस योजना में एक करोड रूपये की राशि का प्रावधान किया है।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल